राज्यपाल सचिवालय

राज भवन, जयपुर

आंतरिक सुरक्षा के क्षेत्र में वैश्विक चुनौतियों के संदर्भ में शिक्षा, प्रशिक्षण और शोध को बढ़ावा देने पर होगा कार्य

आंतरिक सुरक्षा अकादमी और सरदार पटेल पुलिस विश्वविद्यालय, जोधपुर के मध्य हुआ एम. ओ. यू.

जयपुर, 25 मई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र की उपस्थिति में बुधवार को राजभवन में आंतरिक सुरक्षा अकादमी और सरदार पटेल पुलिस विश्वविद्यालय, जोधपुर के मध्य एम. ओ. यू. (सहमति पत्र पर हस्ताक्षर) किया गया।

यह एम. ओ. यू. आंतरिक सुरक्षा के क्षेत्र में वैश्विक चुनौतियों के संदर्भ में शिक्षा, प्रशिक्षण और शोध को बढ़ावा देने के लिए किया गया है। राज्यपाल श्री मिश्र ने सीआरपीएफ एवं सरदार पटेल पुलिस विश्वविद्यालय, जोधपुर के मध्य हुए एम. ओ. यू. को महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि इससे देश में आंतरिक सुरक्षा की दृष्टि से सैद्धांतिक के साथ व्यावहारिक प्रयासों को गति मिलेगी। उन्होंने उम्मीद जताई कि सहमति पत्र पर हस्ताक्षर से सीआरपीएफ आंतरिक सुरक्षा प्रशिक्षण के अंतर्गत पुलिस विश्वविद्यालय द्वारा प्रदत्त शिक्षा और शोध का जमीनी स्तर पर प्रभावी उपयोग कर सकेगा।

आंतरिक सुरक्षा अकादमी के निदेशक एवं महानिरीक्षक श्री एम. एस. शेखावत ने आंतरिक सुरक्षा अकादमी की ओर से तथा सरदार पटेल पुलिस विश्वविद्यालय की ओर से विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आलोक त्रिपाठी ने एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

पार्किंग और सुचारू परिवहन व्यवस्था के दिए निर्देश

पर्यटकों को किसी प्रकार की बाधा नहीं आए

जयपुर, 25 मई। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने निर्देश दिए हैं कि उनके आवागमन के दौरान ट्रैफिक व्यवस्था के नाम पर पर्यटकों को किसी प्रकार की बाधा नहीं आने दें। उन्होंने कहा है कि माउंट आबू में यह पर्यटन सीजन है, इस समय में पार्किंग और सुचारू परिवहन व्यवस्था सभी स्तरों पर सुनिश्चित होनी चाहिए। उन्होंने पर्यटन की दृष्टि से माउंट आबू में प्रभावी व्यवस्थाएं किए जाने और पर्यटकों के लिए और अधिक आधारभूत सुविधाएं विकसित किए जाने के भी निर्देश दिए।